**दबंगई** | रसीद मांगने पर घेरकर किया उत्पीड़न, पुलिस कार्रवाई पर भी उठे सवाल

# टोल प्लाजा पर सामाजिक कार्यकर्ता से अभद्रता



**नवभारत,शहडोल।** जिले में टोल प्लाजा पर कर्मचारियों की मनमानी और अभद्र व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि देर रात टोल प्लाजा पर उनके साथ न केवल बदसलूकी की गई, बल्कि परिवार सहित मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भूपेश शर्मा अपने परिवार के साथ जैसीनगर क्षेत्र से एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। रात लगभग 3 बजे जब वे टोल प्लाजा पहुंचे, तब उनके वाहन का फास्टैग रिचार्ज समाप्त हो गया था और तकनीकी समस्या के कारण रिचार्ज नहीं हो पा रहा था। इस दौरान टोल पर मौजूद कर्मचारियों ने नगद 100 लेकर रसीद देने से साफइंकार कर दिया।

जब भूपेश शर्मा ने रसीद की मांग की, तो वहां मौजूद कर्मचारियों जिनमें उपाध्याय (निवासी बनारस) और जायसवाल (स्थानीय निवासी) शामिल बताए जा रहे हैंकृने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें घेर लिया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि उनके साथ मौजूद उनकी तीनों बेटियां भयभीत हो गईं।शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने शिकायत पुस्तिका मांगी, तो कर्मचारियों ने यह कहकर मना कर दिया कि तुम होते कौन हो शिकायत करने वाले और उन्हें वहां से गाड़ी हटाने के लिए दबाव बनाया गया। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।पुलिस के मौके पर पहुंचने के बावजूद कर्मचारियों का व्यवहार असहयोगपूर्ण रहा। बाद में भूपेश शर्मा सोहागपुर थाना पहुंचे, जहां उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने का निवेदन किया। उनका आरोप है कि पुलिस ने पहले टालमटोल किया और बाद में केवल एनसीआर दर्ज की, जो कि घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं है।

भूपेश शर्मा ने प्रेस के माध्यम से थाना प्रभारी सोहागपुर एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, रात 3:00 से 3:30 बजे के बीच की सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर घटना की सत्यता की जांच की जाए।उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मानवाधिकार आयोग एवं न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को बाध्य होंगे।अंत में उन्होंने यह भी अपील की कि भविष्य में किसी भी परिवार को रात्रि के समय इस प्रकार की असुविधा और मानसिक प्रताड़ना का सामना न करना पड़े, इसके लिए सख्त नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए।



# मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन प्रशिक्षण

▶ सीबीएम फायर विभाग ने आपात स्थितियों से निपटने किया प्रशिक्षित



**नवभारत, शहडोल।** फायर सर्विस सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में एक व्यापक अग्निशमन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज स्टाफ के बीच आपातकालीन तैयारी और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता को मजबूत करना रहा। यह प्रशिक्षण रिलायंस सीबीएम फायर विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें अनुभवी फायर अधिकारियों ने स्टाफ को व्यावहारिक प्रशिक्षण और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। प्रतिभागियों को अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग, सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन) की प्रक्रिया और प्रारंभिक स्तर पर आग को नियंत्रित करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी गई। फायर अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि आग लगने की स्थिति में सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और आपसी समन्वय बेहद जरूरी होता है, खासकर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जैसे संवेदनशील स्थानों पर। कार्यक्रम में डॉ. अब्दुल सबीर खान सहित कई डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों ने भाग लिया। वहीं रिलायंस सीबीएम की ओर से प्रेम राठौर, अमितेश पांडेय और प्रदीप द्विवेदी ने प्रशिक्षण में अहम भूमिका निभाई। प्रशिक्षण के दौरान कॉलेज स्टाफने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपात स्थितियों से निपटने के लिए जरूरी व्यावहारिक कौशल सीखे। इस आयोजन से संस्थान में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और तैयारियों को नई मजबूती मिली।




# नुक्कड़ नाटक : बाल विवाह नहीं करने के लिए किया गया जागरूक

▶ बाल विवाह होने की स्थिति में संबंधितो के विरूद्व होगी कानूनी कार्यवाही

**नवभारत,शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा के जिले में बाल विवाह के रोकथाम हेतु जनमानस को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावो के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहडोल नगर सब्जी मंड़ी, न्यू बस स्टेंड सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानो में स्थानीय कलाकारो द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि 18 वर्ष से पहले किसी लडकी व 21 वर्ष से पहले किसी लडके का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। जिसे कानूनी रूप से अपराध माना गया है। बाल विवाह कराने वाले माता पिता रिस्तेदार व विवाह को सपंन्न कराने में सहयोगी भूमिका निभाने वाले पंडित, मौलवी, हलवाई, बैण्ड, टेन्ट वाले आदि भी बाल विवाह कराने के अपराधी माने जायेगे, जिन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत अपराध साबित होने पर 2 साल की कैद, या 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो का प्रावधान किया गया है।

# शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती, समय आने पर होता है सदुपयोग : कलेक्टर

▶ 10वीं एवं 12वीं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियो को किया सम्मानित



**नवभारत, शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शहडोल जिले के माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियो, अभिभावको एवं शिक्षको को फूलमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य है, देश और समाज के सर्वांगीण विकास में विद्यार्थियो की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी आदि महत्वपूर्ण पदो में आसीन होकर देश और समाज की सेवा करें। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से बारहवी कक्षा तक की पढ़ाई भविष्य बनाने की मजबूत नींव है, शिक्षा कभी व्यर्थ नही जाती है उसका उपयोग समय आने पर अवश्य होता है। उन्होंने कहा कि निरंतर अच्छा से अच्छा प्रयास कर नई ऊचाईयों को छुए। कलेक्टर ने मेरिट सूची के विद्यार्थी, विद्यालयो के शिक्षको एवं अभिभावको को मध्यप्रदेश की टॉप10 सूची में स्थान लाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही कलेक्टर ने विद्यार्थियो से भविष्य की पढाई के बारे में भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के कक्षा दसवीं में अध्यनरत योगेंद्र सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर में अध्यनरत कुमारी अनामिका कुशवाहा, कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर में अध्यनरत कुमारी दीक्षा मिश्रा, हायर सेकेंण्डरी विद्यालय के माही मिश्रा, मान्यता साहू, निशिका गुप्ता, ऋषभ पाण्डेय, हाई स्कूल के श्रेया साहू, आर्यिका नामदेव, नेहा सिंह, हर्षिल गुप्ता, अपेक्षा गुप्ता एवं आरायना गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, जिला षिक्षा अधिकारी आर.के. मंगलानी सहित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहें।



# दो खिलाड़ी 'रेस्ट ऑफ एमपी' टीम में चयनित

**नवभारत,शहडोल।** जिले के लिए गर्व की बात है कि शिव शक्ति क्रिकेट अकादमी शहडोल के दो होनहार खिलाड़ियों का चयन 'रेस्ट ऑफ एमपी' अंडर-13 टीम में हुआ है। हाल ही में घोषित सूची में उत्कर्ष तिवारी और अनिकेत गुप्ता को रेस्ट ऑफ एमपी टीम में शामिल किया गया है। शिव शक्ति क्रिकेट एकेडमी के मुख्य कोच अभिषेक सिंह चौहान एवं सहायक कोच सुभद्रा सिंह के अनुसार, रेस्ट ऑफ एमपी टीम में चयनित खिलाड़ीउत्कर्ष तिवारी शहडोल के रहने वाले हैं, पिछले पाँच वर्षों से लगातार एकेडमी में खेल रहे हैं और अनिकेत गुप्ता बरही के रहने वाले हैं जो क्रिकेट की बारीकियाँ एकेडमी में सीख रहे हैं। चयनित खिलाड़ियों को 23 अप्रैल को होलकर स्टेडियम इंदौर में रिपोर्ट करना है। शिव शक्ति क्रिकेट अकादमी से खिलाड़ियों के चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अकादमी के कोच एवं प्रबंधन ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्थानीय खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वे आगामी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# फाइनल आज, रेलवे ग्राउंड में दिखेगा बालिकाओं का दमखम

**नवभारत,शहडोल।** जिला फुटबॉल संघ, शहडोल द्वारा मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय बालिका अस्मिता कप (अंडर-16) फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह बुधवार, 23 अप्रैल 2026 को रेलवे ग्राउंड में आयोजित होगा। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला भी इसी दिन खेला जाएगा। प्रतियोगिता में जिले की 6 टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। लीग मुकाबलों और दो सेमीफाइनल मैचों के बाद कृसोशल डेवलपमेंट सोसायटी क्लब विचारपुर और सीबीएम जरवाही की टीमें शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में पहुंची हैं। दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगा।



समापन समारोह में जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक एवं जिला फुटबॉल संघ की संरक्षक श्रीमती मनीषा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी, प्रशासनिक अधिकारी और संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।संघ के सचिव रईस अहमद ने बताया कि समापन समारोह को भव्य और प्रेरणादायक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली बालिका खिलाड़ियों और खेल व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से जिले की बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।यह प्रतियोगिता शहडोल में फुटबॉल के प्रति बढ़ते रुझान और खेल संस्कृति को नई मजबूती देने का काम कर रही है।

# बच्चों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का कराएं सेवन : सिविल सर्जन

▶ दी कुछ भी न खिलाने पिलाने की सलाह



**नवभारत, शहडोल ।** सिविल सर्जन जिला अस्पताल शहडोल डॉ. शिल्पी सराफने ग्रीष्मऋतु को दृष्टि रखते हुए बच्चो की सुरक्षा के लिए आवष्यक सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चो को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन कराएं, बच्चों को धूप में खेलने बचाएं, बेहोशी की स्थिति में बच्चे को कुछ भी खाने पीने को न दें, गर्मी के मौसम में बच्चो के शरीर को अच्छे तरह ढककर रखें। सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफने बताया कि जब बच्चों को गर्मी लगे तो बच्चे को तुरंत अंदर या छाव में लाएं, नल के पानी से शरीर को पोंछे या पानी का छिड़काव करें, बच्चे के कपड़ो को जितना संभव हो, ढीला कर दें, यदि बच्चे होष में है तो उसे तुरंत ठंडा पानी पिलाएं, पैरो को थोड़ा ऊंचा करके लिटाएं, यदि बच्चे को उल्टियां हो तो उसे करवट के बल लिटाएं, ताकि गले में कुछ न फंसे एवं पंखे या ठंडी हवा का उपयोग करें।

**अवैध कमाई** | झाँपर गौ सेवा समिति संचालक पर गंभीर आरोप

# गौ सेवक या लुटेरे, गौ माताओं के निवाले पर सेंधमारी




**नवभारत, ब्योहारी।** गौ सेवा का कार्य हिंन्दू धर्म मे बड़े ही पुण्य का कार्य माना गया है। गौ सेवा के लिये तन मन धन लगा कर लोग गौ माताओं की सेवा करते है किन्तु कुछ लोग पैसा कमाने के चक्कर मे समिति बना गौ सेवा के नाम पर गौ शालाओं मे समिति संचालकों द्वारा गौ माता के नेवालों पर डांका डाला जा रहा है। शासन द्वारा गौ माताओ को पौष्टीक आहार के लिये हर माह अनुदान दिया जा रहा किन्तु यंहा गौ सेवा के नाम पर समिति संचालक उक्त बजट मे सेंधमारी कर अपनी जेब भरने मे लगा है। गौ शाला मे गौ माताओ को पौष्टीक आहार देने के नाम पर सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी से सांठ गांठ कर फर्जी बिल तैयार किये जाने की खबर है हकीकत का खुलासा उच्च स्तरीय जांच से ही संभव है।

## गौ शाला बना अवैध कमाई का जरिया

ग्राम झरौसी मे गौ सेवा के नाम पर झाँपर गौ सेवा समिति अध्यक्ष और सचिव द्वारा गौ माताओ को चारा भूसा एवं पौष्टीक आहार हेतु दिये जाने वाले बजट मे सेंधमारी कर अवैध कमाई किये जाने की चर्चा है। ग्रामीणों का कहना है कि गौ शाला मे गौ माताओ को चारा भूँसा और पौष्टीक आहार नहीं दिया जाता बल्कि उन्हें सुबह 2 चरवाहो के भरोसे गौ माताओ को चरने के लिये जंगल भेजा जाता है और साम को पुन: उन्हें गौ शाला मे लाकर बेंड देते है यंहा गौ सेवा के नाम पर अध्यक्ष सचिव अपनी जेब भरने मे लगे है।

## जांच कराकर कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों की मांग है कि झारौसी गौ शाला मे झाँपर गौ सेवा समिति द्वारा अनुदान हेतु जो बिल प्रस्तुत किये जाते है और शासन द्वारा जो अनुदान दिया जाता है उसका जिले से टीम गठित कर जांच कराई जाय जिससे हकीकत का खुलासा हो सके।

## अधिकारियों पर मिली भगत का आरोप

गौ शालाओ मे होने वाले अनियमित्तओ की देख रेख का जिम्मा यंहा के क्षेत्रीय सहायक पशु चिकत्सा अधिकारी को सौंपा गया है किन्तु उनके द्वारा गौ शाला संचालको से सांठ गांठ कर निरीक्षण नहीं किये जाने और ऑफिस मे बैठकर बिल को सत्यापित किये जाने का आरोप भी ग्रामीणों ने लगाया है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजन

▶ शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, आकर्षक झांकिया रहीं आकर्षण का केन्द्र



**नवभारत,शहडोल।** जिला ब्राह्मण समाज शहडोल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 अप्रैल 2026, सोमवार को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। पूरे नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रमों की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे जय स्तंभ चौक में आयोजित स्नेह भोज से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता कर आपसी सौहार्द और एकता का परिचय दिया। इसके पश्चात शाम 4:00 बजे भगवान परशुराम जी की सजीव एवं आकर्षक झांकियों का पूजन-अर्चन किया गया तथा पुण्य श्लोकों का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया।

सायं 4:30 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर गांधी चौक, जैन मंदिर मार्ग होते हुए मोहनराम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में डीजे की मधुर धुन, पारंपरिक बैण्ड-बाजों की गूंज, आकर्षक झांकियां, धार्मिक ध्वज और भक्ति संगीत ने सभी का मन मोह लिया। आतिशबाजी और सजीव प्रस्तुतियों ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया।इस दौरान हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं, बच्चे, विप्रबंधु सहित सर्व समाज के लोग शामिल हुए। पूरे नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न समाजों के लोगों, व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया, जिससे सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली।आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और संस्कृति के संरक्षण का संदेश भी दिया।